Series : HMJ/4

SET – 3

कोड नं.
Code No. **61/4/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 21 + **मानचित्र** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **21** printed pages + **Maps**. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **31** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# इतिहास (सैद्धान्तिक)

# HISTORY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खंडों में विभाजित किया गया है –* ***क, ख, ग, घ*** *और* ***ङ*** *।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड–क*** *में प्रश्न संख्या 1 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***एक*** *शब्द या* ***एक*** *वाक्य में दीजिए ।*

*(iii)* ***खण्ड–ख*** *में प्रश्न संख्या 21 से 24 तक लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड–ग*** *में प्रश्न संख्या 25 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 350 शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* ***खण्ड–घ*** *में प्रश्न संख्या 28 से 30 तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का हैं ।*

*(vi)* ***खण्ड–ङ****–प्रश्न संख्या 31 मानचित्र प्रश्न है, जिसमें महत्त्वपूर्ण पदों को पहचानना और स्थान अंकित करना शामिल है । मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक के दो प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों के एक प्रश्न में, आठ-आठ अंकों के तीन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है । ऐसे प्रश्नों में* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *दीजिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

**खण्ड : क**

**नोट** : नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. निम्नलिखित में से मगध की राजधानी कौन सी थी ?

   (a) राजगृह (b) उज्जैन

   (c) तक्षशिला (d) गांधार **1**

***General Instructions :***

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

(i) *This question paper comprises* ***five*** *sections –* ***A, B, C, D*** *and* ***E. All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Section A – Q. no.* ***1*** *to* ***20*** *are very short-answer type questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in one word or one sentence each.*

(iii) *Section B – Q. no.* ***21*** *to* ***24*** *are short-answer type of questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each of them should not exceed* ***100*** *words.*

(iv) *Section C – Q. no.* ***25*** *to* ***27*** *are long-answer type questions carrying* ***8*** *marks each. Answer to each of them should not exceed* ***350*** *words.*

(v) *Section D – Q. no.* ***28*** *to* ***30*** *are source based questions carrying* ***6*** *marks each.*

(vi) *Section E – Question No.* ***31*** *is a map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*

(vii) *Answer should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***two*** *questions of* ***one*** *mark,* ***one*** *question of* ***three*** *marks,* ***three*** *questions of* ***eight*** *marks and map question. You have to* ***attempt only one of the choices*** *in such questions.*

(ix) *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION : A

Answer **all** the questions given below.

1. Which one of the following was the capital of Magadh ?

(a) Rajagraha (b) Ujjain

(c) Taxila (d) Gandhara **1**

2. निम्नलिखित कथनों में से आइने–अकबरी के संबंध के कौन सा कथन उपयुक्त **नहीं** है ?

(a) इसे अबुल फ़ज़ल द्वारा लिखा गया था ।

(b) यह साम्राज्य का एक गज़ेटियर था ।

(c) इसे अकबर द्वारा प्रवर्तित और संसूचित किया गया था ।

(d) इसके आँकड़ों को समान रूप से सभी राज्यों से एकत्रित किया गया था । **1**

3. नीचे दी गई जानकारी को पढ़िए :

मुगलकालीन समाज में प्रचलित पद्धति की पहचान कीजिए और उसका नाम लिखिए ।

| |
|---|
| "काम के लिए मानदेय का भुगतान दैनिक भत्ते के रूप में छोटी राशि के रूप में किया जाता था ।" इससे गावों में लघु स्तरीय विनिमय का स्वरूप संचालित होता था ।" |

**1**

4. निम्नलिखित में से किस पश्चिमी सिद्धान्तवादी ने प्राच्यतानाशाह का विचार 18वीं सदी में विकसित किया था ?

(a) मांटेस्क्यू (b) रूसो

(c) वाल्टेयर (d) कार्ल मार्क्स **1**

5. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (i) | अमील गुज़र | (a) | लेखाकार |
| (ii) | मण्डल | (b) | राजस्व संग्रहकर्ता |
| (iii) | पटवारी | (c) | पंचायत प्रमुख |
| (iv) | दीवान | (d) | सुपरवाइज़र |

सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) (i)-d, (ii)-c, (iii)-b, (iv)-a

(b) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a, (iv)-c

(c) (i)-a, (ii)-b, (iii)-c, (iv)-d

(d) (i)-b, (ii)-c, (iii)-a, (iv)-d **1**

2. Which one of the following statement is NOT appropriate about Ain-i-Akbari ?

   (a) It was written by Abul Fazl.

   (b) It was a gazetteer of the empire.

   (c) It was sponsored and commissioned by Akbar.

   (d) Its data was uniformly collected from all the provinces. **1**

3. Read the information given below :

   Identify and name the system followed in the Mughal society.

   | |
   |---|
   | "Remuneration for the work was paid through small daily allowances. It was the micro level exchange network operated in the villages." |

   **1**

4. Who among the following western theorist developed the idea of oriental despotism in the 18th century ?

   (a) Montesquieu (b) Rousseau

   (c) Voltaire (d) Karl Marx **1**

5. Match the following :

   | | **List-I** | | **List-II** |
   |---|---|---|---|
   | (i) | Amil Guzar | (a) | Accountant |
   | (ii) | Mandals | (b) | Revenue collector |
   | (iii) | Patwari | (c) | Panchayat Headmen |
   | (iv) | Diwan | (d) | Supervisor |

   Choose the correct option :

   (a) (i)-d, (ii)-c, (iii)-b, (iv)-a

   (b) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a, (iv)-c

   (c) (i)-a, (ii)-b, (iii)-c, (iv)-d

   (d) (i)-b, (ii)-c, (iii)-a, (iv)-d **1**

6. विजयनगर साम्राज्य के निम्नलिखित राजवंशों को काल–क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(1) संगम (2) अरावीडु

(3) तुलुव (4) सालुवा

सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) (1), (3), (4) और (2) (b) (2), (1), (3) और (4)

(c) (1), (4), (3) और (2) (d) (4), (1), (2) और (3) 1

7. भारतीय पुरातात्त्विक सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल का नाम लिखिए, जिसने सिन्धु घाटी में मोहनजोदड़ो की खोज की जानकारी दुनिया को दी । 1

8. निम्नलिखित में से सर्वोत्तम कारण की पहचान कीजिए, जिसके कारण राजा अशोक को उसकी प्रजा द्वारा 'देवानामपिय' और 'पियदस्सी' के रूप में जाना जाता था :

(a) अशोक ने अपने आपको आदेश जारी करने के लिए अधिकृत किया ।

(b) उसने 'देवपुत्र' की उपाधि स्वीकार की ।

(c) पुरालेखशास्त्रियों ने उसे देवानामप्रिय के रूप में जाना ।

(d) उसने धम्म के माध्यम से समाज की भलाई की । 1

9. हड़प्पा के पुरोहित राजा के संदर्भ में पुरातत्त्वविदों के अनुसार दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) पुरोहित राजा राजनीतिक सत्ता रखता था ।

(2) वह मैसोपोटामिया के इतिहास से संबंधित था ।

(3) वह हड़प्पा के धर्म से संबंधित था ।

(4) उसका सत्तावादी विधान हड़प्पा के पतन के कारणों में से एक हो सकता था ।

निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही है ?

(a) (1), (3) और (4) (b) (2), (3) और (4)

(c) (1), (2) और (3) (d) (1), (2) और (4) 1

6. Arrange the following dynasties of Vijayanagara Empire in chronological order :

(1) Sangama (2) Aravidu

(3) Tuluva (4) Saluva

Choose the correct option :

(a) (1), (3), (4) and (2) (b) (2), (1), (3) and (4)

(c) (1), (4), (3) and (2) (d) (4), (1), (2) and (3) **1**

7. Name the Director-General of Archaeological Survey of India (ASI) who announced the discovery of Mohenjodaro in the Indus Valley to the World. **1**

8. Identify the best reason for considering King Ashoka as 'Devanampiya' and 'Piyadassi' by his subjects.

(a) Ashoka commissioned the edicts himself.

(b) He adopted the title of 'Devaputra'.

(c) Epigraphists have concluded him as Devanampiya.

(d) He did well being of society through Dhamma. **1**

9. Consider the following statements regarding the Priest King of Harappa :

According to Archaeologists :

(1) Priest king held political power.

(2) He was related with Mesopotamian History.

(3) He was related with Harappan religion.


(4) His authoritarian rule could be one of the cause of the decline of Harappa.

Which one of the following statement is correct ?

(a) (1), (3) and (4) (b) (2), (3) and (4)

(c) (1), (2) and (3) (d) (1), (2) and (4) **1**

10. नीचे दिये गए चित्र को ध्यान से देखिए । इस चित्र से संबंधित चौथी सदी सी.ई. की मूर्ति को पहचानिए और उसका नाम लिखिए । 1



**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है :

कुषाण शासकों के विषय में जानने के किसी एक स्रोत का उल्लेख कीजिए । 1

11. कुषाण और गुप्त शासकों द्वारा जारी किए गए सोने के सिक्कों में एक अंतर स्पष्ट कीजिए । 1

12. इब्न बतूता के विषय में निम्नलिखित कथनों में कौन सा उपयुक्त है ?

    (a) वह मुहम्मद बिन तुगलक के साम्राज्य के दौरान काजी था ।

    (b) उसने अरबी में किताब–उल हिंद लिखी ।

    (c) उसने संस्कृत, पाली और प्राकृत कार्य का अरबी भाषा में अनुवाद किया ।


    (d) वह एक चिकित्सक, दार्शनिक और इतिहासकार था । 1

13. मौर्यकाल के दौरान 'अर्थशास्त्र' पुस्तक का लेखक कौन था ? 1

**अथवा**

मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी ? 1

10. Look at the figure given below. Identify and name the sculpture of fourth century CE related to this figure. 1



**Note :** The following question is **for the visually impaired candidates** only in lieu of Q. No. 10.

State any one source to know about the Kushana rulers. 1

11. Explain one point of difference between the gold coins issued by the Kushanas and the Gupta rulers. 1

12. Which one of the following statements is appropriate about Ibn Battuta ?
   (a) He was Qazi during Muhammad Bin Tughlaq's empire.
   (b) He had written Kitab-Ul-Hind in Arabic.
   (c) He translated Sanskrit, Pali and Prakrit work in Arabic.
   (d) He was a Physician, Philosopher and Historian. 1


13. Who was the author of the book 'Arthashastra' written during Mauryan empire ? 1

**OR**

Who was the founder of the Mauryan Empire ? 1

14. फ्रांसीसी राजनीतिक दार्शनिक का नाम लिखिए जो दारा शिकोह का चिकित्सक था । 1

15. निम्नलिखित चार्ट का अध्ययन कीजिए और मुग़ल प्रशासनिक व्यवस्था के नाम को ज्ञात कीजिए :




1

16. निम्नलिखित में से किसने उत्तर प्रदेश में बड़ौत परगना के ग्रामीणों को 1857 के विद्रोह में संगठित किया ?

(a) मौलवी अहमदुल्ला शाह
(b) कुँवर सिंह
(c) शाह मल
(d) हनवंत सिंह

1

17. नीचे दो कथन दिए गए हैं – दृढ़ कथन (A) और कारण (R)

**दृढ़ कथन (A)** : अंग्रेजों ने बम्बई में शाही यूरोपियन वास्तु शिल्पीय इमारतें बनवाईं ।

**कारण (R)** : एक भिन्न देश में सुपरिचित भूदृश्य था ।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं । (R) सही स्पष्टीकरण (A) का है ।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही स्पष्टीकरण (A) का नहीं है ।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।
(d) (R) सही है, परन्तु (A) सही नहीं है ।

1


18. 1857 में अंग्रेजों द्वारा अवध को कब्जे में करने का निम्नलिखित कथनों में से कौन सा न्यायसंगत कारण नहीं था ?

(a) वाज़िद अली शाह अलोकप्रिय शासक था ।
(b) पूरक संधि पद्धति को वाज़िद अली शाह ने बड़ी सहजता से स्वीकार किया था ।
(c) मंगल पाण्डे ने अवध से विद्रोह प्रारम्भ किया था ।
(d) अंग्रेजों द्वारा तल्लुकदारों को आर्थिक लाभ दिए गये ।

1

14. Name the French Political philosopher who was a physician to Dara Shikoh. **1**

15. Study the following chart and find out the name of the Administrative System of Mughals.




**1**

16. Who among the following mobilized the villages of Pargana Barout in Uttar Pradesh in the Revolt of 1857 ?
   (a) Maulvi Ahmadullah Shah (b) Kunwar Singh
   (c) Shah Mal (d) Hanvant Singh **1**

17. Given below are the two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :
   **Assertion (A) :** British built imperial European architectural style buildings in Bombay.
   **Reason (R) :** Familiar landscape in an alien country.
   (a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
   (b) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
   (c) (A) is correct but (R) is not correct.
   (d) (R) is correct but (A) is not correct. **1**

18. Which one of the following statements was not a justified reason for the annexation of Awadh by British in 1857 ?
   (a) Wajid Ali Shah was unpopular ruler.
   (b) Subsidiary Alliance System was accepted by Wajid Ali Shah at ease.
   (c) Mangal Pandey initiated the revolt from Awadh.
   (d) Material benefits were given to the taluqdars by the British. **1**

19. भारत में 19वीं सदी में अंग्रेजों द्वारा की गई जनगणना के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) जनगणना के माध्यम से नगरों की वृद्धि की जाँच ।

(2) नगर निगम ने इसका प्रशासन संभाला था ।

(3) जनगणना का संचालन सही ढंग से किया गया था । सामाजिक आँकड़ों को आसानी से आर्थिक आँकड़ों में परिवर्तित किया था ।

निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है :

(a) केवल (1) और (2) (b) केवल (2) और (3)

(c) केवल (1) और (3) (d) केवल (3) 1

20. उस किले का नाम लिखिए, जिसे ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कंपनी द्वारा कलकत्ता में बनाया था । 1

**अथवा**

उस किले का नाम लिखिए, जिसे ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कंपनी द्वारा मद्रास में बनाया था । 1

**खण्ड : ख** **(3 × 4 = 12)**

21. "पुरातत्त्वविदों ने भौतिक अवशेषों से प्राप्त साक्षों के माध्यम से हड़प्पन इतिहास के अंशों को एक साथ जोड़ा है ।" वर्गीकरण के सिद्धान्तों के संदर्भ में इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । 3

**अथवा**

"हड़प्पाई लिपि को एक रहस्यमय लिपि समझा जाता है ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । 3

22. विजयनगर साम्राज्य के विट्ठल मंदिर की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 3

23. गांधीजी ने इस बात पर बल क्यों दिया कि भारत की राष्ट्रीय भाषा 'हिंदुस्तानी' होनी चाहिए ? स्पष्ट कीजिए । 3

24. "रैयतवारी प्रथा ने बम्बई दक्कन के रैयतों को संकट की स्थिति में डाल दिया ।" कोई तीन उदाहरण देकर इस कथन की व्याख्या कीजिए । 3

19. Consider the following statements regarding the census conducted by British in the 19th century in India.

(1) The growth of the cities were monitored through census.

(2) Municipal Corporation was to administer it.

(3) Census operations were appropriate as social data was easily converted to economic data.

Which of the following statement(s) is/are correct ?

(a) (1) and (2) only (b) (2) and (3) only

(c) (1) and (3) only (d) only (3) **1**

20. Name the fort built by British East India Company in Calcutta. **1**

**OR**

Name the fort built by British East India Company in Madras. **1**

## SECTION : B (3 × 4 = 12)

21. "Archaeologists have used evidence from material remains to piece together parts of Harappan history." Justify the statement with reference to the principles of classification. **3**

**OR**

"Harappan script is considered as an enigmatic script." Justify the statement with suitable agruments. **3**

22. Describe any three features of Vithala Temple of the Vijayanagara Empire. **3**

23. Why did Gandhiji give emphasis on 'Hindustani' as to be the National Language of India" ? Explain. **3**

24. "Ryotwari system had put the ryots of Bombay Deccan in critical situation." Explain the statement with any three examples. **3**

## खण्ड – ग (8 × 3 = 24)

25. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण के द्वारा सामाजिक इतिहास की पुनर्रचना करने में वी.एस. सुथंकर के योगदान का वर्णन कीजिए । 8

**अथवा**

प्राचीन काल में अछूतों के जीवन का वर्णन कीजिए । 8

26. "मुग़लों का इतिहास लिखने के इच्छुक किसी भी विद्वान के लिए इतिवृत्तियाँ एक अनिवार्य स्रोत है ।" इस कथन की अकबरनामा के संदर्भ में जाँच कीजिए । 8

**अथवा**

मुग़ल बादशाहों द्वारा कौन सी विशिष्ट पदवियाँ धारण की गई थीं ? उनके महाद्वीपीय शक्तियों के साथ संबंधों की परख कीजिए । 8

27. "गांधीजी की असहयोग आंदोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका थी ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । 8

**अथवा**

"भारत छोड़ो आंदोलन एक जन आंदोलन बना ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । 8

## खण्ड–घ (6 × 3 = 18)

28. नीचे दिए गए स्रोत को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**एक राक्षसी ?**

यह उद्धरण कराइक्काल अम्मइयार की कविता से लिया गया है, जहाँ वे स्वयं का वर्णन कर रही हैं :

राक्षसी, फूली हुई नाड़ियों वाली
बाहर निकली आँखें, सफेद दाँत और भीतर धँसा उदर
लाल केश और आगे निकले दाँत
लंबी पिंडली की नली जो टखनों तक फैली हुई है ।
वन में विचरते समय चीखना और
क्रंदन यह अलंकटु का वन है
जो हमारे पिता (शिव) का घर है ।
वह नृत्य करते हैं..... उनके जटाजूट आठों ओर बिखर जाते हैं ।
उनके अंग शांत हैं ।

(28.1) कराइक्काल अम्मइयार ने सौंदर्य की पारंपरिक अवधारणा से अपने आपको किस प्रकार भिन्न रूप में प्रस्तुत किया ? विश्लेषण कीजिए । 2

(28.2) यह कविता किस प्रकार पैतृक मानदण्डों को चुनौती देती है ? विश्लेषण कीजिए । 2

(28.3) उसके सामाजिक आभारों के परित्याग के किन्हीं दो पहलुओं का विश्लेषण कीजिए । 2

## SECTION : C (8 × 3 = 24)

25. Describe the contribution of V.S. Suthankar in reconstructing social history through the critical edition of Mahabharata. 8

**OR**

Describe the life of untouchables in the ancient period. 8

26. "Chronicles are an indispensable source for any scholar wishing to write a history of Mughals." Examine the statement in the context of Akbar-Nama. 8

**OR**

Which specific titles were assumed by the Mughal Emperors ? Examine their relationship with the Continental powers. 8

27. "Mahatma Gandhiji's role was vital in the Non-Cooperation Movement." Support the statement. 8

**OR**

"Quit India Movement became the Mass Movement." Support the statement. 8

## SECTION-D (6 × 3 = 18)

28. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**A Demon ?**

This is an excerpt from a poem by Karaikkal Ammiyar in which she describes herself :

The female *Pey* (demoness)
with … bulging veins,
protruding eyes, white teeth and shrunken stomach,
red haired and jutting teeth
lengthy shins extending till the ankles,
shouts and wails
while wandering in the forest.
this is the forest of Alankatu,
which is the home of our father (Shiva)
who dances … with his matted hair
thrown in all eight directions, and with cool limbs.

(28.1) Analyze how Karaikkal Ammaiyar had depicted herself different from the traditional nature of beauty. 2

(28.2) Analyze how this composition of Ammaiyar pose a challenge to patriarchal norms. 2

(28.3) Analyse any two aspects of renunciation of her social obligations. 2

29. नीचे दिए गए स्रोत को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**औरतों की "बरामदगी" का मतलब क्या था**

प्रकाश टण्डन ने उपनिवेशी पंजाब का एक आत्मकथात्मक सामाजिक इतिहास पंजाबी सैंचुरी के नाम से लिखा है । वहाँ उन्होंने एक महिला और एक जोड़े की दास्तान बयान की है । यहाँ उसका संक्षिप्त रूप दिया जा रहा है लेकिन हमने जहाँ तक संभव हो, मूल की भाषा और अभिव्यक्तियों को बनाए रखने की कोशिश की है ।

एक घटना ऐसी हुई कि बँटवारे के दौरान मारकाट बचाने वाले एक सिख नौजवान ने हत्याकांड पर तुली हुई भीड़ को मनाकर एक खूबसूरत मुसलमान लड़की को अपने लिए माँग लिया । उन दोनों ने शादी कर ली और धीरे-धीरे एक दूसरे से प्यार भी करने लगे । लड़की के दिमाग़ से अपने मारे गए माता-पिता और पिछली ज़िंदगी की यादें क्रमशः धुँधली पड़ने लगीं । वे एक दूसरे के साथ खुश थे और उनके एक बेटा भी हुआ । पर जल्दी ही अपहृत औरतों का पता लगा कर उन्हें वापस लौटाने में लगन से जुटे सामाजिक कार्यकर्ताओं और पुलिसवालों को उनकी भनक मिल गई । उन्होंने उस सिख के गृह-ज़िले जालंधर में पूछ-ताछ की । उसे इसकी ख़बर मिल गई और वह परिवार के साथ कलकत्ता भाग निकला । सामाजिक कार्यकर्ता भी कलकत्ता पहुँच गए इस बीच उसके मित्रों ने अदालत से स्टे-ऑर्डर लेने की कोशिश की पर कानून अपनी ही भारी-भरकम चाल से चल रहा था । कलकत्ता से यह जोड़ा इस उम्मीद में पंजाब के किसी अनजान से गाँव को भागा कि पीछा करने वाली पुलिस वहाँ नहीं पहुँच सकेगी । लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और पूछ-ताछ करने लगी । उसकी पत्नी फिर से गर्भवती हो गई थी और अब बच्चे का जन्म नज़दीक ही था । उस सिख ने अपने छोटे-से बेटे को तो अपनी माँ के पास भेज दिया और खुद अपनी पत्नी को गन्ने के खेत में ले गया । वहाँ एक गड्ढे में उसने अपनी पत्नी को यथा संभव आराम से लिटा दिया और खुद पुलिस की राह देखते हुए एक बंदूक लेकर लेट गया उसने ठान रखी थी कि जीते-जी वह अपनी पत्नी को अपने से अलग न होने देगा । उस गड्ढे में ही उसने अपने हाथों से पत्नी की जचगी कराई । अगले दिन उसकी पत्नी को तेज़ बुख़ार आ गया और तीन दिन में वह मर गई । पति उसे अस्पताल ले जाने की हिम्मत न कर सका क्योंकि वह डरता था कि सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिस उसे उससे छीन लेंगे ।

(29.1) भारत के विभाजन के दौरान हुई हत्याओं के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । 2

(29.2) सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिस, नौजवान जोड़े को क्यों खोज रहे थे ? 2

(29.3) क्या आप समझते हैं कि अधिकारी वर्ग सही थे लड़की को वापस ले जाने का प्रयास कर रहे थे ? अपने उत्तर की पुष्टि में कारण स्पष्ट कीजिए । 2

29. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**What "recovering" women meant**

Here is the experience of a couple, recounted by Prakash Tandon in his *Punjabi Century*, an autogiograpical social history of colonial Punjab:

In one instance, a Sikh youth who had run amuck during the partition persuaded a massacring crowd to let him take away a young, beautiful Muslim girl. They got married, and slowly fell in love with each other. Gradualy memories of her parents, who had been killed, and her former life faded. They were happy together, and a little boy was born. Soon, however, social workers and the police, labouring assiduously to recover abducted women, began to track down the couple. They made inquiries in the Sikh's home district of Jalandhar; he got scent of it and the family ran away to Calcutta. The social workers reached Calcutta. Meanwhile, the couple's friends tried to obtain a stay-order from the court but the law was taking its ponderous course. From Calcutta the couple escaped to some obscure Punjab village, hoping that the police would fail to shadow them. But the police caught up with them and began to question them. His wife was expecting again and now nearing her time. The Sikh sent the little boy to his mother and took his wife to a sugar-cane field. He made her as comfortable as he could in a pit while he lay with a gun, waiting for the police, determined not to lose her while he was alive. In the pit he delivered her with his own hands. The next day she ran high fever, and in three days she was dead. He had not dared to take her to the hospital. He was so afraid the social workers and the police would take her away.

(29.1) Explain any two reasons of massacre happened during partition of India ? **2**

(29.2) Why were the social workers and police tracking down the young couple ? **2**

(29.3) Do you think the authorities were right in trying to take back the girl ? Explain reasons to support your answer. **2**

30. नीचे दिए गए स्रोत को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**थेरीगाथा**

यह अनूठा बौद्ध ग्रंथ सुत्त पिटक का हिस्सा है । इसमें भिक्खुनियों द्वारा रचित छंदों का संकलन किया गया है । इससे महिलाओं के सामाजिक और आध्यात्मिक अनुभवों के बारे में अंतर्दृष्टि मिलती है । पुन्ना नाम की एक दासी अपने मालिक के घर के लिए प्रतिदिन सुबह नदी का पानी लाने जाती थी । वहाँ वह हर दिन एक ब्राह्मण को स्नान कर्म करते हुए देखती थी । एक दिन उसने ब्राह्मण से बात की । निम्नलिखित पद्य की रचना पुन्ना ने की थी जिसमें ब्राह्मण से उसकी बातचीत का वर्णन है :

मैं जल ले जाने वाली हूँ :
कितनी भी ठंड हो
मुझे पानी में उतरना ही है
सज़ा के डर से
या ऊँचे घरानों की स्त्रियों के कटु वाक्यों के डर से ।
हे ब्राह्मण तुम्हें किसका डर है,
जिससे तुम जल में उतरते हो
(जबकि) तुम्हारे अंग ठंड से काँप रहे हैं ?
ब्राह्मण बोले :
मैं बुराई को रोकने के लिए अच्छाई कर रहा हूँ;
बूढ़ा या बच्चा
जिसने भी कुछ बुरा किया हो
जल में स्नान करके मुक्त हो जाता है ।
पुन्ना ने कहा :
यह किसने कहा है
कि पानी में नहाने से बुराई से मुक्ति मिलती है ?....
वैसा हो तो सारे मेंढक और कछुएँ स्वर्ग जाएँगे
साथ में पानी के साँप और मगरमच्छ भी ।
इसके बदले में वे कर्म न करें
जिनका डर
आपको पानी की ओर खींचता है ।
हे ब्राह्मण, अब तो रुक जाओ !
अपने शरीर को ठंड से बचाओ...

(30.1) दो उदाहरणों सहित पुन्ना के विचारों को स्पष्ट कीजिए । **2**

(30.2) ब्राह्मण ने नदी में प्रतिदिन गोता लगाने के लिए क्या स्पष्टीकरण दिया ? **2**

(30.3) इस गाथा द्वारा व्यक्त किए जा रहे बौद्ध दर्शन के मूल को स्पष्ट कीजिए । **2**

30. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**The Therigatha**

This unique Buddhist text, part of the *Sutta Pitaka*, is a collection of verses composed by *bhikkhunis*. It provides an insight into women's social and spiritual experiences. Punna, a *dasi* or slave woman, went to the river each morning to fetch water for her master's household. There she would daily see a Brahmana performing bathing rituals. One morning she spoke to him. The following are verses composed by Punna, recording her conversation with the Brahmana :

I am a water carrier :
Even in the cold
I have always gone down to the water
frightened of punishment
Or the angry words of high class women.
So what are you afraid of Brahmana,
That makes you go down to the water
(Though) your limbs shake with the bitter cold ?

The Brahmana replied :
I am doing good to prevent evil;
anyone young or old
who has done something bad
is freed by washing in water.

Punna said:
Whoever told you
You are freed from evil by washing in the water ? …
In that case all the frogs and turtles
Would go to heaven, and so would the water snakes
and crocodiles !
(Instead) Don't do that thing,
the fear of which
leads you to the water.
Stop now Brahmana !
Save your skin from the cold …

(30.1) Explain the ideas of Punna with two examples. **2**

(30.2) What justification did the Brahmana give for his daily dip in river ? **2**

(30.3) Explain the core of Buddhist philosophy that is being conveyed through their Gatha. **2**

**खण्ड – ङ** **(3 + 3 = 6)**

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)**

31. (a) दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) बोधगया

(ii) पानीपत अथवा अजमेर

(iii) विजयनगर अथवा चन्द्रगिरि **3**

(b) भारत के इसी राजनीतिक रेखा मानचित्र में राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित तीन स्थानों को A, B और C से अंकित किया गया है । इन स्थानों को पहचानिए और उनके नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए । **3**

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **31** के स्थान पर है :

(a) बौद्ध धर्म के किन्हीं तीन पवित्र स्थानों के नाम लिखिए । **3**

**अथवा**

मुग़ल साम्राज्य के किन्हीं तीन प्रमुख नगरों के नाम लिखिए । **3**

(b) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित किन्हीं तीन स्थानों के नाम लिखिए । **3**

---

## SECTION – E (3 + 3 = 6)

**(Map based question)**

31. (a) On the given political map of India, locate and label the following with appropriate symbols :

(i) Bodh Gaya

(ii) Panipat or Ajmer

(iii) Vijayanagara or Chandragiri **3**

(b) On the same outline map of India three places related to the National Movement have been marked as A, B and C. Identify them and write their names on the lines drawn near them. **3**

**Note :** The following are **for visually impaired candidates only** in lieu of Q. No. **31**.

(a) Name any three places considered sacred in Buddhism. **3**

**OR**


Name any three Mughal imperial major cities. **3**

(b) Name any three places related to the Indian National Movement. **3**

---

प्रश्न सं. **31** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **31**




Cut Here ----- यहाँ से काटें ----- Cut Here ----- यहाँ से काटें